आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 18.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से नई दिल्ली में 'समावेशी नीति संकल्प' शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है।
- राज्य–स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई।
- आपदा प्रबंधन निदेशालय 'विद्यालय सुरक्षा और आपदा तैयारी' पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।
- जंगलीघाट में लाइटहाउस क्वार्टर्स जंक्शन से आयुष अस्पताल प्रवेश द्वार तक का मार्ग आज से वाहनों के आवागमन के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><><>

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय आज से नई दिल्ली में 'समावेशी नीति संकल्प' नाम से दो दिवसीय विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल के जरिए विकास कार्यों में तेजी लाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगे।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में आयोजित राज्य–स्तरीय जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में भाग लिया। दस वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता सांसद एवं दिशा समिति के अध्यक्ष बिष्णु पद रे ने की। बैठक के दौरान विभिन्न विकासात्मक योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति और भविष्य की कार्य योजनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में अध्यक्ष ने सभी विभागों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और इसके लिए पारदर्शिता, नियमित निगरानी तथा जवाबदेही को मजबूत किया जाए। उपराज्यपाल ने सभी नागरिक सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए 'नागरिक चार्टर' को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, नागरिकों को प्राप्त होने वाले योजनाओं के लाभों के संबंध में संबंधित कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर सूचना पट्ट लगाने, व्यापारियों, रेहड़ी–पटरी वालों और असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए उपयुक्त स्थानों पर 'वेंडर ज़ोन' स्थापित करने तथा छात्रों की शैक्षणिक तैयारी के लिए 'अभ्युदय कोचिंग कार्यक्रम' शुरू करने के भी निर्देश जारी किए। उपराज्यपाल ने अधिकारियों से चल रहे विकास कार्यों की भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित निगरानी करने को भी कहा।

<><><><><><><>

उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने लोक निवास में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 के अंतर्गत श्री विजयपुरम को प्राप्त "स्वच्छ शहर – केंद्र शासित प्रदेश" पुरस्कार का अनावरण किया। यह पुरस्कार 11 नवंबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में भारत की राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया गया था। इसके अलावा उपराज्यपाल ने कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल स्कूल शतरंज चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता जे.एस. विराट को लोक निवास, में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया।

<><><><><><><>

फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची–2027 के प्रकाशन के संबंध में कल अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के प्रभारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. अपूर्व शर्मा की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि 21 और 22 नवम्बर को सभी 415 मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। दावों और आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसम्बर तक किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी को होगा।

<><><><><><><>

आकाशवाणी, श्री विजयपुरम में हिंदी युववाणी कार्यक्रम के लिए आकस्मिक कम्पीयर का पैनल तैयार करने हेतु ऑडिशन का आयोजन किया जाएगा। इस ऑडिशन के लिए 12वीं पास, 30 वर्ष से कम आयु वर्ग के नगरपालिका क्षेत्र के निवासी आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को हिन्दी और अंग्रेजी का ज्ञान होना आवश्यक है। इच्छुक उम्मीदवारों को एन ई एफ टी या ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से 118 रूपये का शुल्क प्रसार भारती, बीसीआई, ए आई आर पोर्ट ब्लेयर के पते पर जमा करने होंगे। आवेदन पत्र ड्यूटी रूम से प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन फार्म स्व सत्यापित आवश्यक दस्तावेजों के साथ 13 दिसम्बर तक आकाशवाणी में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय, शिक्षा निदेशालय के सहयोग से आपदा प्रबंधन भवन में 'विद्यालय सुरक्षा और आपदा तैयारी' पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह के विभिन्न विद्यालयों के 38 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण सत्र में आपदा प्रबंधन के मूल सिद्धांत, विद्यालय सुरक्षा, खोज और बचाव, चिकित्सा प्राथमिक प्रतिक्रिया और विद्यालय सुरक्षा को शामिल किया गया है। यह प्रशिक्षण आज भी जारी रहेगा।

<><><><><><><>

जंगलीघाट में कल्वर्ट की साफ–सफाई जलभराव की समस्या को हल करने के लिए लाइटहाउस क्वार्टर्स जंक्शन से लेकर आयुष अस्पताल के प्रवेश द्वार तक का सड़क मार्ग आज से 25 नवम्बर तक वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान लोगों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज कंज्यूमर एडवोकेसी ग्रुप की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ''खरीददार सावधान'' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता कंज्यूमर एडवोकेसी क्लब की ओर से 21 नवंबर को दोपहर 3 बजे से कॉलेज के सभागार में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य छात्रों को उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है।

प्रतियोगिता सभी कॉलेज विद्यार्थियों के लिए खुली है। छात्र निर्धारित तिथि पर अपने कॉलेज आईडी के साथ सीधे इसमें भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार अभिलेखागार में अगले बैच के लिए अल्पकालिक इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति हेतु इतिहास विषय में स्नातक की डिग्री पूरी कर चुके पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिलेखीय प्रबंधन, ऐतिहासिक अभिलेखों के परिरक्षण एवं संरक्षण, सूचीबद्ध करने, डिजिटलीकरण और अभिलेख प्रबंधन में व्यावहारिक ज्ञान तथा प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। इंटर्नशिप नीति के अनुसार, यह नियुक्ति दिसंबर से फरवरी 2027 तक तीन महीने की अवधि के लिए की जाएगी। चयनित दस प्रशिक्षुओं को 10 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन 25 नवंबर तक सचिवालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी की ओर से डिगलीपुर में कल 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता मिटाओ' पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में डेढ़ हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। पदयात्रा कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं द्वीप समूह के प्रभारी जय प्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी और अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

<><><><><><><>

'माई भारत', श्री विजयपुरम ने कल ग्राम पंचायत के समन्वय से कन्यापुरम में "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" विषय पर ब्लॉक–स्तरीय नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया। इसमें लगभग 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से बचाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें एक स्वस्थ, अनुशासित एवं उत्पादक जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने नशा–मुक्त समाज बनाने में शिक्षा, खेल, सामुदायिक भागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी की भूमिका पर जोर दिया।

<><><><><><><>